Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 08-12-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

an>

Title: Regarding advertisements on Meghdoot Post Cards.

SHRI SANTOSH GANGWAR : Sir, I thank you for allowing me. I am sorry.

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से संचार मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान के ि वज्ञापन पोस्ट कार्डों पर निकालने शुरू किए हैं। यह बहुत अच्छी परम्परा और प्रक्रिया है। यह भी बहुत अच्छी बात है कि अन्य क्षेत्रीय भााओं में भी विज्ञापन निकाले जा रहे हैं, इससे क्षेत्रीय भााओं को प्रोत्साहन मिलता है।

महोदय, इस संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि दो समस्याएं हैं। पहली - पोस्टकार्डों पर बहुत छोटे शब्दों में विज्ञापन छापे गए हैं, जो पढ़ने में नहीं आते हैं। दूसरा - मेरा आग्रह है कि सभी श्रेत्रीय भााओं में विज्ञापन निकाले जाएं, तो उचित होगा। यदि दिल्ली में छापे गए पोस्टकार्ड हों, तो हिंदी और अंग्रेजी में विज्ञापन छापे जाएं। मैं आपके माध्यम से संचार मंत्रालय को बहुत बधाई देता हूं और चाहता हूं कि यह प्रक्रिया जारी रहे और पूरे देश के अंदर सर्व शिक्षा अभियान के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़े और इसके लिए हम सब मिलकर काम करें।